तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 2 सितंबर 2025

09 शहीद डोमेश्वर साहू की पुण्यतिथि मनाई गई



10 बीएसपी अधिकारियों व परिवहन संघ की ...





B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

# जल निकासी का अभाव, मुड़खुसरा के स्कूल परिसर में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लॉक के ग्राम पंचायत मुड़खुसरा का सरकारी स्कूल इन दिनों चर्चा का विषय बना है। बरसात के मौसम में स्कूल परिसर में जलभराव की स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि बच्चे घूटने तक पानी से पढ़ाई करने जाने मजबूर हैं।

■ स्कूल के हालात पर जनप्रतिनिधि और शिक्षा विभाग के अधिकारी कर रहे अनदेखी

यह दृश्य न केवल हृदयविदारक है, बल्कि ग्राम पंचायत, शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन की लापरवाही को उजागर करता है। शिक्षा किसी भी समाज की नींव होती है। स्कूल उपेक्षा की शिकार हो रही है। सरकार के सुशासन और विकास के दावे इस घटना के सामने खोखले नजर आते हैं। यह स्थिति न केवल बच्चों के शिक्षा के अधिकार का हनन है, बल्कि उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा को भी खतरे में डाल रही है। ग्राम मुड़खुसरा का सरकारी स्कूल उन सैकड़ों ग्रामीण स्कूलों में से एक है, जो संसाधनों की कमी और प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार हैं। बरसात के मौसम में स्कूल का परिसर तालाब में तब्दील हो जाता है। कक्षाओं में पानी भर जाता है, जिसके कारण बच्चे गीले फर्श पर बैठकर पढ़ाई करने मजबूर हैं। कई बार तो शिक्षक और छात्रों को खुले में पेड़ों के नीचे या छत पर कक्षाएं लगानी पड़ती है।

## स्कूल के रूमों में पहुंची नमी, मजबूरी में बैठ रहे छात्र



### जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की

यह स्थिति न केवल पढ़ाई की गुणवत्ता को प्रभावित करती है, बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य के लिए भी जोखिम है। पानी में डूबे परिसर में सांप, कीड़े-मकोड़े और अन्य खतरों का डर बना रहता है। ग्राम पंचायत ने जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की। शिक्षा विभाग बेसुध है। जिम्मेदार अधिकारी और प्रशासनिक तंत्र इस समस्या से अनजान हैं। बीईओ और डीईओ को विद्यालय की समस्या बताई गई। ग्राम पंचायत ने स्थानीय स्तर पर बुनियादी सुविधाओं में रुचि नहीं ली। माध्यमिक विद्यालय मुड़खुसरा में टूटी-फूटी छत, और कक्षाओं में पानी का रिसाव की समस्या लंबे समय से अनदेखी की जा रही हैं। शिक्षा विभाग का यह रवैया बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं जल निकासी, शौचालय, स्वच्छ पेयजल और मरम्मत कार्य करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। समस्याओं का समाधान करने के बजाय, प्रशासन और सरकार एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर बचने की कोशिश कर रहे हैं।

### चलती बस में ड्राइवर हुआ बेहोश, 40 यात्रियों से भरी बस दल्लीराहजरा से दुर्ग जा रही थी

# पेड़ से टकराई बस, 5 घायलों में दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

40 यात्रियों को लेकर दल्लीराजहरा से दुर्ग की ओर जा रही बस ग्राम सिकोसा के पास बस सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई, जिससे आधा दर्जन यात्री घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर है। दुर्घटना के पीछे बस खराब होने से लेकर ड्राईवर का स्वास्थ खराब होने और ड्राईवर द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से जैसे कई तथ्य सामने आ रहे हैं। इसी बीच एक यात्री ने ड्राईवर के खिलाफ लापरवाही पूर्वक बस चलाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट लिखाई है।

मिली जानकारी के अनुसार 40 यात्रियों को लेकर पायल बस सर्विस की एक बस दल्लीराजहरा से निकलकर दुर्ग की ओर जा रही थी। इसी दौरान ग्राम सिकोसा के ईरागुड़ा ग्राम के पास अचानक से बस सड़क किनारे पेड़ में जा टकराई, जिसके बाद यात्रियों में अफरा तफरी मच गई और पेड़ से टकराने के बाद आस पास के लोग बस में सवार यात्रियों को सुरक्षित निकालने में लग गए, जहां





घायल यात्रियों को सुरक्षित गुण्डरदेही अस्पताल पहुंचाया गया। जिसमें गंभीर रूप से घायल यात्रियों को गुण्डरदेही अस्पताल पहुंचाया गया। गुण्डरदेही पुलिस के अनुसार दल्लीराजहरा से दुर्ग जा रही पायल बस सर्विस शाम 4.45 बजे बालोद–दुर्ग मुख्य मार्ग पर सिकोसा गांव के पास हादसे का शिकार हुई। घायलों में बस ड्राइवर गुंडरदेही निवासी गिरधारी निर्मलकर 40 वर्ष और पटेली डौंडी से ग्वालियर जा रहे यात्री अनिल शर्मा 45 वर्ष शामिल हैं। तीन अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आईं, जो प्राथमिक इलाज के बाद घर लौट गए।

वहीं ग्राम सूरो थाना महाराजपुरा जिला ग्वालियर मप्र निवासी अनिल शर्मा निवासी सूरो ने पुलिस को बताया है कि अपने ससुराल पटेली दल्लीराजहरा से पायल बस क्रमांक सीजी 07 ई 6660 से दुर्ग जा रहा थी, शाम करीबन 4.30 बजे मेनरोड ईरागुडा के पास पहुंचे थे, कि बस चालक द्वारा अपने वाहन को काफी तेज व लापरवाही पूर्वक एवं खतरनाक ढंग से चलाकर रोड किनारे पेड़ से टकरा कर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट करने से मेरे बांये आंख के ऊपर व नीचे भाग में व वाहन चालक के दाड़ी के पास चोंट लगी है तथा बस के सामने भाग क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना को मनोज शर्मा व अन्य यात्री लोग देखे सूने हैं। इसके बाद पुलिस ने धारा 184 मोटर, 125(ए), 81 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज किया है।

# जहर सेवन से पत्नी और बच्चे की मौत पति व देवरानी के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दस माह पहले दीपावली के समय महिला द्वारा अपने दो बच्चों के साथ दवाई पीकर आत्महत्या की कोशिश की गई थी, जिसमें महिला व उसके बेटे की मृत्यु हो गई थी व ईलाज के बाद बच्ची की जान बच गई थी, जहां महिला के आत्महत्या के मामले में पुलिस ने अब महिला के पति व देवरानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

■ देवरानी से हुआ था विवाद और पति की प्रताड़ना से थी परेशान

पुलिस ने बताया है कि जांच पर पाया गया है कि पिछले वर्ष 28 अक्टूबर की सुबह 7.30 बजे कुरदी थाना अर्जुन्दा जिला बालोद निवासी मृतिका डुमेश्वरी साहू पति छन्नुलाल साहू 28 वर्ष द्वारा अपने देवरानी शकुन बाई साहू के बीच बच्चों को लेकर विवाद हुआ था, जो करीबन 9 बजे अपने स्वयं व अपने दोनों बच्चे जागेन्द्र साहू, कुमारी हिमांशी साहू को जहर पिलाई, जिसके कारण डुमेश्वरी साहू की मृत्यु उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज राजनांदगॉव में 28 अक्टूबर हो गई थी तथा जागेन्द्र साहू की मृत्यु एम्स अस्पताल रायपुर में 7 नंवबर को एम्स अस्पताल रायपुर में हो गया थी, इसमें कुमारी हिमांशी साहू उपचार से ठीक हो गई थी। परिजन व गवाहों के कथन व कुमारी हिमांशी साहू के कथन जिसमें अपने पिता (मृतिका के पति) द्वारा शराब पीकर मृतिका से मारपीट करना बतायी है। इसकी पुष्टि मृतिका के पिता देवलाल साहू, मृतिका के माता सरस्वती साहू व स्वतंत्र गवाह किशोरचंद साहू, केशूराम साहू ने की है। मृतिका के उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में अपनी माता सरस्वती साहू को अपनी देवरानी शंकून साहू द्वारा टोनही और गंदी-गंदी गाली देने से आत्महत्या करने के लिये जहर सेवन करना व अपने मरने के बाद बच्चों का क्या होगा सोचकर बच्चों को भी जहर पिलाना बताई है। मर्ग जॉच में मृतिका के पति छन्नुलाल साहू एवं देवरानी शकून साहू द्वारा प्रताड़ित करना पाया है। शकून साहू द्वारा टोनही बोलकर प्रताड़ित ▶▶| शेष पेज 09 पर

## खबर संक्षेप

### बाइक सहित तालाब में गिरे युवक की मौत



**बालोद।** सुरेगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मनकी में एक बाईक सवार बाईक सहित तालाब में गिर गया। जिससे बाईक सवार की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सुबह जब ग्रामीण तालाब के तरफ गए तो तालाब मे तैरते लाश देखकर लोगो मे हड़कंप मच गया, जिसके बाद इसकी जानकारी अन्य लोगो को दी गई, जहां पुलिस के पहुंचने के बाद शव को तालाब से निकाला गया। जहां बाईक भी बरामद हुआ। ग्रामीण आशंका व्यक्त कर रहे है कि तालाब पार का रास्ता सकरा व तालाब से उपर होने के कारण बाईक सहित सवार तालाब में गिर गया होगा। जिसके कारण से उसकी मृत्यु हुई होगी। वही अभी तक व्यक्ति की पहचान नही हो पाई है तथा हादसे का कारण की जांच में पुलिस जुटी हुई है, जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि हादसा कैसे और क्यो हुआ।

### एड्स नियंत्रण के लिए हुए विभिन्न कार्यक्रम



**बालोद।** जिला एड्स नियंत्रण द्वारा बालोद के सभी विकासखंड के काउंसलर, एसटीआई काउंसलर एवं सूत्र समाज सेवी संस्था के स्टाफ की उपस्थिति में इंटेंसिफाइड कैंपेन के सफल संचालन हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें रैली, पंपलेट वितरण, नुक्कड़ नाटक एवं सभा द्वारा एचआईवी एड्स जागरूकता, प्रथम 95 गोल एवं एचआईवी के प्रचार प्रसार को आगामी दो माह तक पंचायत स्तर पर प्राप्त करने विचार विमर्श हुआ। बालोद जिले में एचआईवी एड्स जागरूकता के लिए इंटेंसिफाइड आईईसी कैंपेन व्यापक प्रचार प्रसार अभियान के तहत पीडी. डॉक्टर प्रियंका शुक्ला, एपीडी डॉक्टर खेमराज सोनवानी के निर्देशानुसार एवं संयुक्त संचालक आईसीई डॉ. अजर के मार्गदर्शन में एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उईके, जिला नोडल अधिकारी डॉ. जीआर रावटे के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब बेचने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर ग्राम घोरारी में रानीतराई पुलिस ने दबिश देकर आरोपी ग्राम घोरारी निवासी लोकेश कुमार बंजारे को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने 38 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की है।

### बाइक चोरी करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** बाइक चोरी करने वाले दो अपचारी बालक को पुलिस ने पकड़ा है। रुआबांधा भिलाई नगर में बिना नंबर की बाइक में सवार होकर दो अपचारी बालक को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर थाना भिलाई तीन के पुरैना क्षेत्र से बाइक पार करना स्वीकार किया है। वैशाली नगर से पेट्रोल खत्म होने से एक बाइक जब्त किया है।

# बिना हेलमेट पेट्रोल देने पर पंप को एसडीएम के आदेश पर किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एसडीएम बालोद नूतन कुमार कंवर द्वारा पेट्रोल पंपों के निरीक्षण के दौरान बालोद विकासखण्ड के ग्राम लाटाबोड़ स्थित केकेएस पेट्रोल पंप के द्वारा बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल देते पाए जाने पर केकेएस पेट्रोल पंप लाटाबोड़ को सील करने की कार्रवाई की गई है।

■ लगातार मिल रहे थे नियम उल्लंघन के सबूत

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दिव्या उमेश मिश्रा द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना एवं सड़क दुर्घटना के दौरान होने वाली जनहानि की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु पेट्रोल पंपों में बिना हेलमेट पहने पेट्रोल खरीदी हेतु आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नही देने के संबंध में 01 अगस्त 2025 को आदेश जारी किया गया था। एसडीएम नूतन कंवर ने बताया कि तहसीलदार आशुतोष शर्मा, कोतवाली थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा एवं खाद्य निरीक्षक सुधीर खेस द्वारा केकेएस पेट्रोल पंप लाटाबोड़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। एसडीएम कंवर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान केकेएस पेट्रोल पंप के द्वारा बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल दिया जा रहा था। इस दौरान अधिकारियों के द्वारा पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरा की पिछले ढाई घण्टों के रिकॉर्डिंग का भी अवलोकन किया गया। जिसमें उक्त पेट्रोल पंप में बिना हेलमेट पहने कई अन्य ग्राहकों को भी पेट्रोल देने की पुष्टि हुई। एसडीएम बालोद नूतन कंवर ▶▶| शेष पेज 09 पर



# जिला भाजयुमो ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला भाजयुमो ने पीएम और उनकी मां के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के विरोध में राहुल गांधी का पुतला दहन किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बालोद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया। राहुल गांधी द्वारा कथित तौर पर पीएम मोदी और उनकी मां के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के बाद देशभर में बीजेपी कांग्रेस पर हमलावर है।

■ पीएम और उनकी मां के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का किया विरोध

बालोद जिला भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने भी इस मुद्दे को लेकर भाजपा युवा मोर्चा सड़क पर उतरी है। भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बालोद जिला मुख्यालय के जयस्तम्भ चौक पर बरसते पानी के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया।



जय स्तम्भ पर हुआ पुतला दहन

जिले के जय स्तम्भ चौक पर अध्यक्ष आदित्य पिपरे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस को जनता से माफी मांगनी चाहिए। यदि राहुल गांधी खुद इस घटना की निंदा करते और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते, तो शायद स्थिति इतनी न बढ़ती। लेकिन कांग्रेस का रवैया दर्शाता है कि वह केवल राजनीति करने में व्यस्त है और उसे जनता की भावनाओं की परवाह नहीं है। पुतला दहन के दौरान भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर भविष्य में इस तरह की अमर्यादित टिप्पणियां की जाती हैं, तो भाजपा सड़कों पर उतरकर और भी कड़ा विरोध दर्ज कराएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और उनकी मां के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कार्यकर्ताओं का आरोप है कि हाल ही में बिहार में आयोजित एक जनसभा के दौरान मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां हीराबेन के खिलाफ अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी की गई, जिससे भाजयुमो कार्यकर्ताओं की भावनाएं आहत हुई हैं। इसी को लेकर भाजपा ने विरोध दर्ज कराते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला जलाकर अपना आक्रोश जताया। भाजयुमो नेताओं ने बताया कि बिहार में राहुल गांधी की उपस्थिति में आयोजित एक कार्यक्रम में विपक्षी नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री और उनकी मां के लिए जिस तरह की टिप्पणी की गई, वह अत्यंत आपत्तिजनक और असहनीय है। भाजपा का कहना है कि मंच से इस तरह की बातें करना न केवल भारतीय संस्कृति और राजनीतिक मर्यादा के खिलाफ है, बल्कि इससे समाज में गलत संदेश भी जाता है। नेताओं ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देश के सर्वोच्च पद पर हैं और उनकी मां के लिए अपमानजनक टिप्पणी करना पूरे देश की जनता का अपमान है। भाजयुमो नेताओं का आरोप है कि राहुल गांधी ने इस टिप्पणी का ▶▶| शेष पेज 09 पर

### देश में हर साल 40 हजार कार्निया की जरूरत, मिलते केवल 25 हजार

# 40वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा 8 सितम्बर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरमरीकला में सीएमएचओ डॉ. जेएल उइके, बीएमओ गुरुर डॉ सुनील भारती एवं सहायक नोडल अधिकारी अनिल सिन्हा के निर्देशानुसार 40वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक मनाया जा रहा है।

■ धर्म, जाति और आयु से परे हर कोई बन सकता है नेत्रदाता

जिसके अंतर्गत चिकित्सा अधिकारी डॉ शुभम मतस्यपाल एवं नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी टिकेश्वर प्रसाद साहू द्वारा नेत्रदान के संबंध में जानकारी दी गई कि देश में करीब 15 लाख व्यक्ति और छत्तीसगढ़ में लगभग 12 हजार व्यक्ति ऐसे हैं, जिनका अंधेपन का कारण कार्निया में सफेदी है, जिसका इलाज केवल नेत्र प्रत्यारोपण है, कार्नियल – ष्टिहीनता के मुख्य कारण आंखों में चोट लगना, आंखों में संक्रमण, बच्चों में कुपोषण, जन्मजात –ष्टिहीनता, बच्चों में विटामिन–ए की कमी आदि है। आंखों को नुकीली वस्तुएं, पेंसिल, तीन कमान, गिल्ली डंडा, रासायनिक पदार्थों, फटाके आदि से सावधानी रख भी कार्निया की दृष्टिहीनता से बचा जा सकता है।

देश में प्रतिवर्ष 40 हजार कार्निया की जरूरत होती है, लेकिन 25 हजार कार्निया ही नेत्रदान से उपलब्ध हो पाती है। मृत्यु उपरांत नेत्रदान की गई आंखों से हम दो व्यक्तियों के जीवन में अंधापन दूर कर रोशनी ला सकते हैं और इस पुण्य काम में सहयोग कर सकते हैं। नेत्रदान मृत्यु के 6 घंटे के भीतर किया जाता है। इसमें आयु, जाति, धर्म, लिंग में भेदभाव किए बिना दृष्टिहीन लोगों को नेत्रदान से प्राप्त नेत्र को प्रत्यारोपित किया जाता है। नेत्रदान करने वाला व्यक्ति चाहे किसी भी धर्म या जाति का हो नेत्रदान कर अन्य व्यक्ति को नेत्र ज्योति प्रदान कर अमर हो जाता है। इसी लिए नेत्रदान–महादान कहलाता है। उन्होंने जानकारी दी कि नेत्रदान घोषणापत्र हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में सम्पर्क किया जा सकता। शालेय नेत्र परीक्षण कार्यक्रम के साथ नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम के माध्यम से जन–जागरूकता गतिविधि का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरमरीकला स्टाफ सूर्यकांत अडिल, आई एल ठाकुर, हामैश्वर साहू, सुनीता मस्के, भानूप्रिया देवांगन, श्रद्धा साहू, घनश्याम भारती, लाकेश्वर मारकंडे, मितानिन एवं ग्रामीण मरीज उपस्थित थे।




# पुलिस ने 7 जुआरियों को दबोचा, 4860 रुपये जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुण्डरदेही पुलिस को जुआ खेल रहे 7 लोगो को पकड़ने में सफलता मिली है जिनके पास से 4860 रुपये जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना पर घटनास्थल ग्राम परसदा मे रोड किनारे बिजली खंबे में लगे लाईट की रोशनी के नीचे बैठकर कुछ जुआडियन 52 पत्ती तास से रूपये पैसों का हारजीत दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे, जिनमे ग्राम सिरसिदा थाना गुण्डरदेही जिला बालोद ऋषभ पटेल पिता केसरी पटेल 25 वर्ष, ग्राम परसदा थाना गुण्डरदेही जिला बालोद निवासी दिनेश कुमार साहू पिता रामलाल साहू 35 वर्ष, ग्राम परसदा थाना गुण्डरदेही जिला बालोद निवासी लिकेश साहू पिता मानसिंग साहू 20 वर्ष, ग्राम परसदा थाना गुण्डरदेही जिला बालोद निवासी अमित कुमार पिता उमेश कुमार देशलहरे 24 वर्ष, ग्राम सिरसिदा थाना गुण्डरदेही जिला बालोद निवसी सूर्या चंद्राकर पिता सियाराम चंद्राकर 22 वर्ष, ग्राम परसदा थाना गुण्डरदेही जिला बालोद निवासी भेनूराम साहू पिता अजित राम 45 वर्ष, ग्राम सिरसिदा थाना गुण्डरदेही जिला बालोद निवासी दीपक कुमार देवांगन पिता मोतीलाल 42 वर्ष के पास से 4860 रुपया एवं 52 पत्ती जप्त किया गया।

आरोपियों के विरूद्ध धारा 3(2) छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का अपराध घटित करना पाये जाने से गिरफ्तार किया गया। प्रकरण जमानतीय होने पर भी आरोपियों द्वारा मौके पर सक्षम जमानतदार पेश नहीं करने से आरोपियों को अभिरक्षा में लिया जाकर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना लिया गया।

## खबर संक्षेप



### रजत जयंती पर हायर सेकंडरी में हुई प्रश्न मंच स्पर्धा

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष होने के उपलक्ष्य में राज्य शासन द्वारा आयोजित रजत जयंती वर्ष के अवसर पर बालोद जिले में भी सभी विभागों द्वारा निरंतर विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।
इसी कड़ी में जिले के विभिन्न हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूलों में प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके अलावा रविवार 31 अगस्त को जिले के विद्यालयों में एलुमिनी बैठक का भी आयोजन किया गया।
विद्यालय में आयोजित एलुमिनी बैठक में भूतपूर्व विद्यार्थियों के अलावा स्कूली विद्याथएँ एवं शिक्षक–शिक्षिकागण उपस्थित हुए। इसके अलावा रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जिले के विद्यालयों में खेलकूद प्रतियोगिता के अलावा स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा स्पीड रिडींग आदि भी कराई जा रही है। इसके साथ ही अन्य सभी विभागों के द्वारा भी रजत जयंती के अवसर पर निरंतर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

### पोस्ट मेट्रिक छात्रवृति के लिए15 सितंबर पोर्टल पर जमा होंगे आवेदन

**बालोद।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पंजीयन, स्वीकृति एवं भुगतान की कार्यवाही विभागीय पोर्टल पोस्ट मेट्रिक स्कॉलरशीप सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन के माध्यम से किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि वर्ष 2025–26 में ऐसे विद्यार्थी जो संस्था परिवर्तन, पाठ्यक्रम परिवर्तन तथा संस्था एवं पाठ्यक्रम दोनों परिवर्तन करना चाहते हैं। ऐसे विद्यार्थियों के लिए भारत सरकार के नियमानुसार पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों को पोर्टल पर सुविधा दी गई है। वे वर्तमान में अध्ययनरत संस्था से संपर्क कर विभाग द्वारा प्रदायित प्रपत्र में जानकारी भरकर जमा कर सकेंगे। इस हेतु विभाग द्वारा 15 सितंबर तक आवेदन करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। संबंधित विद्यार्थी वर्तमान में अध्ययनरत संस्था से संपर्क कर निर्धारित तिथि तक आवेदन सुनिश्चित कर सकते हैं।

### बालोद और गुरूर में हुई खाद विक्रय केंद्रों की जांच



**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं उप संचालक कृषि के निर्देशन में उर्वरक प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। कृषि विभाग के उपसंचालक ने बताया कि 28 अगस्त को उर्वरक वितरण में अनिमितता पाए जाने पर अनुविभागीय कृषि अधिकारी महेश कुमार, सहायक संचालक कृषि जे.आर.नेताम, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी केशव राम पिस्दा, कृषि विकास अधिकारी टिकेन्द्र कुमार पटेल गुरुर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संनत कुमार भेड़िया द्वारा बालोद विकासखण्ड के मेसर्स सार्थक कृषि केन्द्र बालोद एवं गुरूर विकासखण्ड के मेसर्स हर्ष कृषि केन्द्र पलारी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं उर्वरक (संचालन नियंत्रण) आदेश 1973 में निहित प्रावधानों के तहत उल्लंघन पाया गया। जिसके फलस्वरुप विक्रय प्रतिबंध की कार्यवाही की गई एवं संबंधित को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में लगातार, गुण नियंत्रण अंतर्गत उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों का सतत निरीक्षण एवं मानिटरिंग किया जा रहा है एवं अनिमितता पाए जाने पर कार्यवाही की जा रही है।

## बैठक

### जिला पंचायत सीईओ ने पंचायत सचिवों एवं नोडल अधिकारियों की ली बैठक

# गुणवत्ता के साथ समय सीमा पर पूर्ण करें पीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने जनपद पंचायत गुण्डरदेही के सभाकक्ष में ग्राम पंचायत सचिवों एवं नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक में उन्होंने गुण्डरदेही विकासखण्ड में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में चंद्रवंशी ने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा कराने तथा निर्माणाधीन कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ सुनील चंद्रवशी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जारी किश्त, आवास निर्माण की प्रगति एवं अपूर्ण आवास की जानकारी ली।

उन्होंने हितग्राहियों के आवास निर्माण की स्थिति की जानकारी लेने के साथ राजमिस्त्री प्रशिक्षण बैच तैयार करने एवं सभी ग्रामों में प्रति सप्ताह आवास चौपाल लगाकर निर्धारित समयावधि में आवास निर्माण कार्य को पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ चंद्रवंशी ने ग्राम पंचायत चिचबोड़, डुण्डेरा, जेवरतला, कांदुल, खुरसुल, सिकोसा, सिरी के सचिव के असंतोषजनक कार्यों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सीईओ चंद्रवंशी ने ग्राम पंचायत सिरसिदा के सचिव मोतीलाल साहू व ग्राम पंचायत सलौनी के सचिव श्री शैलेन्द्र कुमार साहू की आवास प्रगति के कार्य की सराहना की। बैठक में सीईओ चंद्रवंशी ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों की आवास निर्माण की प्रगति धीमी है वहाँ निर्वाचित सरपंच–पंच के सहयोग से एक सकारात्मक माहौल तैयार कर हितग्राहियों से समन्वय स्थापित करते हुए सितंबर माह के पूर्ण सभी द्वितीय किश्त प्राप्त आवासों को शत प्रतिशत पूर्ण करने को कहा। इसके साथ ही सीईओ चंद्रवंशी ने छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव कार्यक्रम एवं पाई इण्डेक्स की प्रगति, ग्राम स्वराज पोर्टल में एंट्री, मनरेगा, लेबर बजट तैयार कराने एवं अटल डिजिटल सेवा केन्द्र में ट्रांजेक्शन बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी निखत सुल्ताना, जिला पंचायत आंवास समन्वयक प्रभात कुमार साहू, सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा ओमप्रकाश साहू, विकासखण्ड समन्वयक नीलम चंद्राकर, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा प्रतिज्ञा चंद्राकर, विकास विस्तार अधिकारी महेन्द्र कुमार जांगड़े सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## डौंडीलोहारा में गणेशोत्सव की धूम



नवयुवक गणेश उत्सव समिति सेठपारा रेंगाडबरी।



बजरंग गणेश उत्सव समिति बजरंग नगर रेंगाडबरी।



बाल गणेश उत्सव समिति बजरंग नगर रेंगाडबरी।



## तुमडीकसा में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**डौंडीलोहारा।** ग्राम पंचायत तुमडीकसा में बाल कृष्ण उत्सव समिति के तत्वावधान में इस वर्ष भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भगवान गजानंद स्वामी जी के दरबार में लोक लहर, ग्राम मूंगाडीह की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत तुमडीकसा के सरपंच परमेश्वर खरे रहे। अध्यक्षता बाल कृष्ण उत्सव समिति के अध्यक्ष योगेश कोलियारे ने की। विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पटेल महेंद्र नेताम, भगतराम बेल्सर, विजय सिन्हा, रामदयाल कोलियारे, लोकेश रावटे, नोहर सिन्हा, मारुति मेश्राम, इच्छा राम सिन्हा, प्रीतराम सोरी, तुलसीराम, दिलीप मंडावी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। कार्यक्रम उद्घोषक शिक्षक धर्मेंद्र कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। आयोजन में समिति के सदस्य दुर्गेश सिन्हा, रेखराम सिन्हा, देवेंद्र बेल्सर, भोलाराम, लुमेश सहारे, चुम्मन नेताम, दुष्यंत रावटे, लालसाय सारी, सेवंत, ऋषिराज सिन्हा, ओमेश कोलियारे, ताम्रज नेताम, देवनारायण, तेजस्वर सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सक्रिय सहयोग दिया।

## ड्राइवर संगठन ने मनाया ड्राइवर दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

छत्तीसगढ़ ड्राइवर एकता संगठन शाखा आदर्श वाहन चालक संघ नगर अर्जुंदा के यूनियन कार्यालय में 1 सितंबर को ड्राइवर दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सभी ड्राइवर एवं यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे, छत्तीसगढ़ महतारी, विश्वकर्मा बाबा और भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना करके इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी ने संकल्प लिया कि सब एक साथ मिलकर पूरे भाईचारा के साथ अपने इस दिवस को हर वर्ष इस इसी तरह शांति पूर्ण ढंग से मनाएंगे। इस कार्यक्रम में डिहार राम मंडले, ओमप्रकाश साहू, भूपेंद्र साहू, विनय यादव, भागीरथी सोनकर, भीषम साहू, भेषनरायण साहू, उमेश साहू, हेमंत साहू, रोमन लाल साहू, नरेंद्र साहू, टिकेश मंडले, दीपक साहू, भुनेश्वर साहू, संजय साहू एवं अन्य सभी सदस्य गण उपस्थित होकर इस आयोजन को सफल बनाने मे अपना अहम योगदान दिया।

## मासूल में हुई कबड्डी प्रतियोगिता



**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम मासूल में जय मां दुर्गा गणेशोत्सव समिति द्वारा एक दिवसीय डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य रामेश्वर चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि गौतम साहू, धरम चंद्राकर, राजू चंद्राकर, देवीलाल, पोखलाल, सुखिया बाई, दीप कुमारी, लता साहू आदि शामिल हुए। इस अवसर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि हार–जीत जीवन के दो पहलू हैं। हारने वाले खिलाड़ी निराश न हो, कड़ी मेहनत करें और आगामी वर्ष में होने वाली कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता बनने की कोशिश करें। सरकार खेल गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी अतिथियों ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया।

## पेज 7 के शेष

### जहर सेवन से पत्नी और बच्चे ..

करने से मृतिका डुमेश्वरी साहू द्वारा जहर सेवन कर अपने बच्चे जागेन्द्र साहू, हिमांशी साहू को भी जहर पिलाना पाया गया। आरोपीगण को धारा 85 बीएन, 4, 5, छग टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2005 का अपराध घटित करना पाये जाने से धारा सदर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### जिला भाजयुमो ...

विरोध नहीं किया और न ही मंच से बोलने वालों को रोका, जिससे यह साफ है कि कांग्रेस पार्टी ऐसी अमर्यादित राजनीति का समर्थन कर रही है। कार्यक्रम में यज्ञद्धत शर्मा, कृष्णकांत पंवार, प्रेम साहू, सुरेंद्र देशमुख, शरद ठाकुर, रिंकू शर्मा, निशा योगी, अमित चोपड़ा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आदित्य पीपरे सहित संजय साहू, एकांत पवार, अनूप देशमुख, आशीष साहू, ढालेंद सर्वा, पंकज चौधरी, कौशल कुमार, नरेंद्र साहू, लवण साहू, मुकेश साहू, राजेंद साहू, अमन, रविंद, श्रीकांत वर्मा, मितेष साहू, नेम सिंह, खेमलाल, रौनक कत्याल, विक्रम लालवानी, पार्थ साहू, संजय, देवेंद्र, दिनेश्वर, दिनेश्वर मिश्रा, मेघनाथ मिश्रम, राहुल साहू, कमल बजाज, मुकेश सोनबर, चिंता निषाद, आशुतोष कौशिक, जीत यदु, पुष्कर देशमुख, लुमेश साहू सहित अन्य युवा मोर्चा और भाजपा के सदस्य उपस्थित थे।

### बिना हेलमेट पेट्रोल देने ...

ने कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बालोद द्वारा 01 अगस्त 2025 को जारी किए गए आदेश का उल्लंघन करते पाए जाने पर केकेएस पेट्रोल पंप लाटाबोड़ को सील करने की कार्यवाही की है। ज्ञातव्य हो कि कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के निर्देशानुसार जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम सुनिश्चित करने के उपायों के अंतर्गत राजस्व, पुलिस, खाद्य एवं एवं अन्य संबंधित विभागों के द्वारा लगातार जिले की पेट्रोल पंपों की जांच की जा रही है।

## खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और खाद्य भंडारण मापदंड का पालन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत 'भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण' द्वारा आज खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण एवं खाद्य व्यवसाय संचालकों के प्रमाणन विषय पर विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

- खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण एवं खाद्य व्यवसाय संचालकों के प्रमाणन विषय पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित

इसमें जिले के विभिन्न खाद्य व्यवसाय संचालकों, होटल एवं रेस्टोरेंट प्रबंधकों, खाद्य आपूर्ति से जुड़े उद्यमियों और अन्य संबंधित प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण का संचालन भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा अधिकृत प्रशिक्षक हर्षवर्धन एवं विवेक पाठक ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को खाद्य सुरक्षा के मानक, स्वच्छता बनाए रखने के तरीकों, खाद्य भंडारण की सही विधियों, लेबलिंग नियमों और उपभोक्ता सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं रेड क्रॉस सोसाईटी के चेयरमैन तोमन साहू ने पुराने समान एवं नए समान के रख–रखाओं एवं अन्य जानकारी प्रदान किया गया। पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता, खाद्य भंडारण की सही विधियों एवं किट नासक दवाइयों का सही सावधानीपूर्वक प्रयोग करने को कहा। उन्होंने बताया कि छोटे बड़े खाद्य व्यवसाय संचालकों को अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण लेना चाहिए। फूड इस्पेक्टर भरत भूषण पटेल, संजय कुमार साहू ने खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण, खाद्य सुरक्षा स्वच्छता एवं लाइसेन्स के संबंध में जानकारी दी। चेंबर आफ कामर्स अध्यक्ष हरिस कुमार सांखला ने कहा कि प्रशिक्षण में छोटे–बड़े खाद्य व्यवसाय संचालकों को अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण लेना चाहिए। इस दौरान वक्ताओं द्वारा बताया कि फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेट कार्यक्रम के तहत देशभर में खाद्य व्यवसाय संचालकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है जिससे वे कानूनी मानकों के अनुरूप स्वच्छ और सुरक्षित खाद्य प्रदान कर सकें। आयोजकों ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारियों को अपने–अपने व्यवसाय में लागू करने को कहा जिससे उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता और सुरक्षित भोजन उपलब्ध हो सके।

इसके साथ ही खाद्य पदार्थों की बिक्री के लिए दुकानदारों को प्रशिक्षण सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य है। भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला खाद्य सुरक्षा अभिकरण ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को नियमों का पालन सुनिश्चित कराने को कहा है। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर प्रशिक्षण लेना अनिवार्य किया गया है। जिसके पश्चात ही दुकानदारों को सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। कार्यक्रम में जनपद सदस्य भगवती उइके, कमल कुमार गजेन्द्र, ललिता गजेन्द्र सहित फूड इस्पेक्टर भरत भूषण पटेल, संजय कुमार साहू एवं अधिकृति प्रशिक्षक उपस्थित थे।

## जिले में हुई मूसलाधार बारिश जलमग्न हुआ शहर



**बालोद।** जिले में सुबह से दोपहर तक हुई मुसलाधार बारिश ने जिले के साथ नगर को तर बतर कर दिया। इस कारण जिले के साथ नगर के कई जगहों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई व कई सड़कें जलमग्न हो गई। जिले में पूरे बारिशभर ऐसी वर्षा जिलेवासियों को पहली बार देखने मिली, जहां घंटों



इतनी तेज बारिश हुई कि बारिश के कारण आमजन आवागमन करने के कई स्थान पर एक जगह ठहरे रहे, जहां कार्यालय व काम में पहुंचने वाले बारिश के वजह से अपने कार्यालय देर से पहुंचे। नगर के मुख्य सड़कों में पानी जाम नजर आया, जिसके कारण सड़के तालाब में तब्दील हो गई और मार्ग से पैदल व दोपहिया के माध्यम से चलने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं सोमवार का दिन होने के कारण स्कूल पहुंचे बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जहां कई स्कूलों में जलभराव की स्थिति बन गई।

### जय मां शीतला लक्ष्मी समिति ने किया आयोजन

# कबड्डी में भानपुरी प्रथम, बिजयभाट्टा द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ग्राम मोहारा में जय मां शीतला लक्ष्मी एवं गणेश उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों की सहयोग से बाजार चौक मोहारा में एक दिवसी रात्रि कालिन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन समारोह के मुख्य तिथि सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू थीं। अध्यक्षता सभापति जनपद पंचायत गुरुर एवं निजी चिकित्सक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हरिकृष्ण गंजीर ने किया। विशेष अतिथि संरक्षक ग्राम विकास समिति मोहारा बोधराय हिरवानी, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति मोहारा केशव रामधनकर, सचिव परिक्षेत्रीय साहू समाज कोसागोदी यंत कुमार कुवरदादर, कोषाध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज कोसागोदी कमलेश्वर सोनवानी, बूथ अध्यक्ष मोहारा धर्मेंद्र कुमार तेल्यासी, बूथअध्यक्ष मोहारा हेमलाल सिन्हा, कावेरी सीड्स ऑर्गेनाइज डोमेन्द कुमार सार्वा, सरपंच ग्राम पंचायत निपानी दिलीप डहरे, उपसरपंच ग्राम पंचायत निपानी जितेन्द साहू, सफल कृषक ऐनू सोनवानी के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि लक्ष्मी अशोक साहू ने कहा खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए।

डॉ. गंजीर ने कहा जिस तरह से हम कार्यक्रम करते हैं, इस तरह अतिथियों द्वारा जो अच्छी बात कही जाती है उसको अपने जीवन में उतारने का प्रयास करेंगे और हर समितियां को कोई ना कोई रचनात्मक कार्य करना चाहिए जैसे स्वच्छता अभियान हो या वृक्षारोपण हो या रक्तदान हो। एकदिवासीय रात्रि कालीन प्रतियोगिता प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कबड्डी टीम भानपुरी, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले कबड्डी टीम बिजय भाट्टा है, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कबड्डी टीम पलारी, चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले कबड्डी टीम मतवारी है। बेस्ट रेडर प्रीतम साहू भानपुरी ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन रमेश सिन्हा एवं धर्मेंद्र साहू और कार्यक्रम का आभार आयोजक समिति के अध्यक्ष ने किया। इस अवसर पर आयोजक समिति की सभी सदस्य ग्राम के समस्त वरिष्ठ जान माताएं भाइयों के बच्चे बडी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति की उपस्थिति में नष्ट किए गए मादक पादर्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



पुलिस अधीक्षक बालोद के अन्तर्गत जिले में जब्त मादक पदार्थों के नष्टीकरण के लिए जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति गठित की गई है। मादक पदार्थों के नष्टीकरण हेतु जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति द्वारा जिला बालोद के नष्टीकरण योग्य 23 प्रकरणों में धारा 20–बी एनडीपीएस एक्ट में 23 प्रकरणों में जप्त मादक पदार्थ (गांजा) मात्र 296.623 किलोग्राम एवं नशीली दवाई 26082 नग कुल कीमती लगभग 30,38,090 रूपये के नष्टीकरण की कार्यवाही समिति के अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक जिला बालोद योगेश कुमार पटेल, सदस्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला बालोद मोनिका ठाकुर तथा सदस्य जिला आबकारी अधिकारी, जिला–बालोद योगेश्वर कुमार द्विवेदी के प्रतिनिधि एडीईओ जिला बालोद समीधा पाण्डे तथा पंचानो की उपस्थिति में जिला दुर्ग थाना भिलाई भट्टी क्षेत्र के भिलाई स्पात संयंत्र के एसएमएस 3 के भस्मीकरण यंत्र में विधिवत जलाकर नष्टीकरण की कार्रवाई की गई।

## खबर संक्षेप

### रोजगार मेले के लिए पंजीयन 4 तक

**डौंडीलोहारा।** राज्य में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी संस्थानों में नियोजित करने के उद्देश्य से 9 एवं 10 अक्टूबर को राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए सत्र 2022, 2023, 2024 एवं 2025 में उत्तीर्ण सभी दसवीं, बारहवीं, आईटीआई एवं डिप्लोमा धारक विद्यार्थी रोजगार कार्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। ऑनलाइन पंजीयन के साथ ही जिला बालोद में दो स्थानों पर पंजीयन शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। शासकीय आईटीआई डौंडीलोहारा तथा शासकीय आईटीआई सुरेगांव में 1 से 4 सितंबर 2025 तक शिविर का आयोजन होगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक दस्तावेज, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर शिविर में उपस्थित हो सकते हैं।

### ध्यानचंद की जयंती मनाई गई



**गुरूर।** हॉकी के जादूगर ध्यानचंद की जयंती मनाने तथा उत्ष्टता, मित्रता और सम्मान जैसे ओलंपिक मूल्यों के अनुरूप फिटनेस एवं खेलों की संस्कृति को प्रोत्साहन देने के लिए 29 से 31 अगस्त 2025 तक राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया एवं फिट इण्डिया शपथ लिया गया। अयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष कुन्ती ताम्रज सिन्हा, राकेश दीवान, चन्द्रलता साहू कमलेश बाई ओझा, तृप्ति यादव, अनाराम यादव, मधु जगदल्ले, पार्षदगण एवं वरिष्ठ नागरीकगण स्व–सहा. समूह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उपअभियंता, नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मचारीगण उक्त कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### सेक्टर 7 में आवास का गिरा छज्जा

**भिलाई ।** बारिश के मौसम में टाउनशिप में आवासों के छज्जा गिरने की घटनाओ का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सेक्टर 7 में फिर एक क्वार्टर के बाथरुम का छज्जा गिर गिया। क्वार्टर 9-ए, सड़क 30 में उस समय दुर्घटना टल गई जब जैसे ही घर के लोग बाथरुम से नहाकर निकले धड़ाम से छत का छज्जा वाशिंग मशीन पर गिर गया। रहवासी बीएसपी कर्मी राम अवतार मंडाली सेकंड शिफ्ट मे ड्यूटी जाने की तैयारी कर रहे थे। बताए कि कुछ मिनट पूर्व ही उनका आठ वर्षीयबेटा भी यूरिन करके बाथरुम के बाहर निकला था। यदि कुछ देर होती तो इसकी चपेट में आ सकते थे। इसके हफ्तेभर पूर्व भी सेक्टर 6 में एक तिमंजिला आवास का छज्जा नीचे खड़ी मोटर सायकल पर गिरा था। निकट ही बच्चे खेल रहे थे। क्षेत्रवासियों ने बताया कि अधिकतर क्वार्टर पचास साठ साल पुराने होने से जर्जर हो चुके हैं। बरसात के मौसम के आत ही छज्जा गिरने की घटनाएं बढ़ जाती हैं।

## डौंडीलोहारा में गणेशोत्सव की धूम



गणेश उत्सव समिति ग्राम रेंघई।



जय बजरंगबली गणेश उत्सव समिति भरकापारा डौंडीलोहारा।



नूतन गणेश उत्सव समिति राजापारा डौंडीलोहारा।



गायत्री चौक डौंडीलोहारा।



रामनगर गणेश उत्सव समिति डौंडीलोहारा।

**मांग**

**संघ ने वेतन वृद्धि रोकने का किया विरोध, सहायक आयुक्त को सौंपा ज्ञापन**

# आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मचारी 8 को करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ द्वारा 8 सितम्बर को एक दिवसीय आंदोलन किए जाने ज्ञापन सौंपा गया। आदिम जाति कल्याण विभाग संघ द्वारा एक 8 सितम्बर को एक दिवसीय हड़ताल किए जाने हेतु सहायक आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने हेतु कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संदीप कुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष सोमकांत प्रजापति, महिला अध्यक्ष उषा साहू, मीडिया प्रभारी ललित सिन्हा, ओमकार सोरी, महिला कार्यकारिणी सदस्य लीला पिस्दा, पुनेश्वरी कुंभकार, हेमलता ठाकुर चेतन नायक, भारती बाई एवं संघ के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

बताया गया कि आकस्मिक निधि नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मांग है कि उन्हें माह जुलाई की वेतन वृद्धि रोकी गई है, इसके लिए विभाग द्वारा बिना कोई आदेश जारी किए बगैर वेतन वृद्धि रोकी गई है, परंतु अन्य जिले के कर्मचारियों को वेतन वृद्धि दी जा रही है, वेतन वृद्धि प्रत्येक नियमित कर्मचारियों का अधिकार है, जिस पर रोकने का कारण सहित आदेश जारी किया जाए।

शासन द्वारा गैस चूल्हा समस्त छात्रवास आश्रम में प्रदान किया गया है, जिसमें अधिकतर छात्रवास, आश्रमों में धुएं वाले चूल्हे (लकड़ी से जलाने वाले) का उपयोग किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है, जिस पर विभाग द्वारा अधीक्षकों को अलग से इस संबंध में आदेश जारी किए जाने का आश्वासन दिया गया था, किंतु जारी नहीं की गई। इस संबंध में गैस चूल्हा प्रत्येक छात्रवास आश्रमों में अनिवार्य किए जाने हेतु समस्त अधीक्षकों को आदेश जारी किया जावे। स्व. जनक राम आकस्मिक निधि नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाए। चूंकि कर्मचारियों को रविवार को शामिल करते हुए समस्त त्यौहार एवं पर्व में किसी प्रकार का अवकाश नहीं मिलता, इस पर संघ ने साप्ताहिक अवकाश (अलग–अलग दिनों में अवकाश) दिए जाने का मांग की गई है।

संघ ने कहा कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शाखा बालोद का पत्र दिनांक 28 अगस्त को जारी आदेश कर्मचारी की भावना को ठेस पहुंचाने एवं अपने अधिकार को पाने के लिए कार्यालय आने से रोकने जैसा आदेश प्रसारित किया गया है। इस आदेश को समस्त कर्मचारी कड़े शब्दों में इसका विरोध करता है उक्त आदेश को संशोधन किया जाए।



**कार्यालय में पदस्थ लिपिक सहायक को हटाने की मांग**

सहायक आयुक्त कार्यालय में पदस्थ लिपिक सहायक ग्रेड-2 स्थापना शाखा से उक्त लिपिक को हटाया जाए एवं पूर्व में उक्त लिपिक के खिलाफ शिकायत पत्र अवर सचिव छत्तीसगढ़ शासन आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विभाग द्वारा जारी पत्र 10 मई 2023 को जांच करने हेतु विभाग को आदेशित किया गया है, किंतु आज दिनांक तक यह प्रक्रियाधीन है अतः जांच की जाए।

### नपं अध्यक्ष ने पौधा रोपण के लिए वितरण की सामग्री



**गुरूर।** नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू द्वारा नगर पंचायत क्षेत्रंतर्गत वूमेन फॉर ट्री योजनांतर्गत वार्ड क्रमांक 1 मुक्तिधाम परिसर एवं वार्ड 14 मणिकंचन केन्द्र के समीप पौधारोपण कार्य हेतु प्रस्तावित क्षेत्रों में कार्य करने चयनित स्व सहायता समूहों के सदस्यों को सुरक्षा उपकरण एवं पौधारोपण कार्य के लिए सामग्री सामग्री वितरण की। इसमें वर्दी, गमबूट, गैती–रापा, दस्ताना बाल्टी–धमेला, पाइप, टोपी आदि आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है।

### नगर पंचायत में 20.92 लाख के विकास कार्य का भूमि पूजन किया गया




**गुरूर।** नगर पंचायत गुरूर क्षेत्रंतर्गत अम्बेडकर चौक से ओवर हैड टैंक, कन्हारपुरी रोड में ऑक्टागोनल पोल एवं एलई.डी. लाईट स्थापना अनु.लागत 20.92 लाख के विकास कार्य का भूमि पूजन किया गया। उक्त आयोजन में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष कुन्ती ताम्रज सिन्हा, राकेश दीवान, चिदानंद साहू, अनुसुईया धुरव, महिमा (रेनू) भूपेन्द्र साहू, चन्द्रलता साहू, कमलेश बाई ओझा, तृप्ति यादव, अनाराम यादव, गिरधर लाल ठाकुर, जितेश्वरी मोहन निषाद, नारायण रामटेके, पूर्व पार्षद चिन्ताराम साहू एवं वरिष्ठ नागरीकगण नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मचारीगण उक्त कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### निजी चिकित्सक कल्याण संघ ने कलेक्टर से की मुलाकात



**गुरूर।** निजी चिकित्सक कल्याण संघ जिला बालोद के संरक्षक और जनपद पंचायत गुरुर के सभापति डॉ. हरिकृष्ण गंजीर, जिला अध्यक्ष डॉ. गोपाल साहू, ब्लॉक अध्यक्ष गुरुर डॉ. लीलाराम बनपेला, ब्लॉक अध्यक्ष बालोद डॉ. धर्मेंद्र कुमार साहू, संरक्षक डॉ. टोडरमल, डॉ. विनय कुमार साहू, डॉ. डामन साहू ने बालोद जिलाधीश अधिकारी दिव्या उमेश मिश्रा से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने और बालोद जिला में पौधारोपण कार्य करने के लिए जिलाधीश के प्रति आभार जताया। संघ द्वारा 2 सितंबर चिकित्सा सम्मेलन एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है इसके आमंत्रण को स्वीकार किया और सभी को रक्तदान जैसे पुण्य कार्य करने के लिए धन्यवाद दिया।

### ग्राम पटेल संध का मासिक बैठक 4 सितंबर को

**बालोद।** तहसील ग्राम पटेल संध जिला बालोद का मासिक बैठक 04 सितंबर को दोपहर 12 बजे स्थान चरोटा कला मंच में आयोजित कि गई है। जिसमें तहसील के समस्त ग्राम पटेलो कि उपस्थित अनिवार्य है एवं साथ में अपने अपने पास फोट फोटो एवं नियुक्ति आदेश का फोटो कापी अपने साथ लाने कहा गया है, यह जानकारी संध के उपाध्यक्ष भाव सिंह यदुवंशी ने दिया।

## स्काउट गाइड पूर्वाभ्यास में 97 छात्रों ने लिया हिस्सा




हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

- जिले के पांच विकासखंड के स्काउट गाइड हुए शामिल

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला संघ बालोद के जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, जिला आयुक्त योगदास साहू के निर्देशन में सेंट कबीर पब्लिक स्कूल बालोद में 30 अगस्त से 1 सितंबर तक स्काउट गाइड का राज्य पुरस्कार पूर्वाभ्यास जांच शिविर का आयोजन हुआ। इस तीन दिवसीय शिविर में जिला के 5 विकासखंड से चयनित 52 स्काउट, 45 गाइड कुल 97 स्काउट गाइड ने सहभागिता की।

शिविर संचालक एवं जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) नेमसिंह साहू ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि "राज्य पुरस्कार परीक्षा स्काउटिंग का सर्वोच्च गौरव है, इससे अनुशासन, सेवा और नेतृत्व की क्षमता का विकास होता है

तीन दिवसीय इस शिविर में प्रवेश पाठ्यक्रम से लेकर राज्य पुरस्कार पाठ्यक्रम तक की सभी गतिविधियों का सुव्यवस्थित संचालन किया गया। प्रतिभागियों का लिखित, मौखिक एवं प्रायोगिक परीक्षण किया गया, जिसमें प्राथमिक चिकित्सा, गांठें व बांधने की तकनीक, पायनियरिंग, आपातकालीन प्रबंधन, ध्वज शिष्टाचार, मानचित्र अध्ययन, अनुमान लगाना, जैसी गतिविधियाँ सम्मिलित रहीं।

मुख्य परीक्षक के रूप में स्काउट से मिलन सिन्हा तथा गाइड से सीमा साहू ने पूरे शिविर में मार्गदर्शन प्रदान किया। सहायक परीक्षक के रूप में स्काउट से अजय ठाकुर, चंद्रशेखर दिल्लीवार, योगेश नायक, मकसूदन यादव, लुकेश्वर साहू, तेजेंद्र साहू, गाइड से तनुजा बंजारे, किरण, दीपा साहू ने विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञता के साथ प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। शिविर के समापन पर आयोजित ओपन सेशन में जिला सचिव केएल गजेन्द्र ने प्रतिभागी स्काउट गाइड से संवाद स्थापित करते हुए उनके अनुभवों को जाना और उन्हें स्काउटिंग के आदर्शों पर दृढ़ रहने की प्रेरणा दी। गाइड विंग से शिविर संचालक प्रेमलता चंद्राकर ने सभी परीक्षकों, सहयोगी स्टाफ एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविर युवाओं में नेतृत्व, सेवा भावना और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा को सशक्त करते हैं। शिविर की सफलतापूर्वक सम्पन्नता पर विकासखंड सचिव रूपेन्द्र सिंहा, छगन बंछोर, मनी राम साहू, सेवा राम प्रेमन, चंद्रशेखर दिल्लीवार एवं सेंट कबीर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अन्नपूर्णा शर्मा एवं स्कूल प्रबंधन समिति एवं विभिन्न विद्यालय से आए प्रभारियों का योगदान रहा।

## शहीद डोमेश्वर साहू की पुण्यतिथि मनाई गई



**जामगांव आर।** शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव–आर, भरर, में शहीद डोमेश्वर साहू पुण्यतिथि दिवस मनाया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नरेशधर दीवान ने डोमेश्वर साहू के जीवनवृत्त बताते हुए बताया कि 01 सितंबर 2018 को जम्मू कश्मीर सीमा रेखा पर पाकिस्तानी आंतकियों से लड़ते हुए उन्होने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

कार्यक्रम में डोमेश्वर साहू के बड़े भाई गिरीश कुमार साहू, पुत्र आयुष साहू, भतीजी तुकेश्वरी साहू उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल ने शहीद के तैलचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए महाविद्यालय परिवार के तरफ से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया, उन्होनें कहा कि हम सब भाग्यशाली हैं कि ऐसे वीर सपूत के नाम पर महाविद्यालय का नाम है। इस अवसर पर उनकी याद में उनके नाम पर उनके पुत्र आयुष साहू के द्वारा एक पौधा रोपण भी किया गया। इस अवसर पर प्रो. नीता कुम्भारे, प्रो. आरके तिवारी, डॉ आबिद हसन खान, डॉ. अरूणेन्द्र कुमार तिवारी, डॉ. संतोष कुमार पांडेय, मनोज यादव, मुकेश कठौतिया, डॉ. लता मारकण्डे, मेजराम जोशी, पीएम. शर्मा, गिरीश देशपांडे, उमेश मंडावी एवं बड़ी संख्या में पुष्पांजली अर्पित किया। महाविद्यालय परिवार के साथ–साथ अधिक संख्या में छात्र–छात्राएं सम्मिलित होकर अश्रुपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित किये तथा दो मिनट का मौनधारण किया गया।

# खेल शारीरिक फिटनेस को बढ़ाता है, अनुशासन टीम भावना और एकता की देता है प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

- कबड्डी प्रतियोगिता का समापन किया, विजेताओं को पुरस्कार वितरित





जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ग्राम चाराचार में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के समापन में शामिल होकर सभी विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया तथा ग्राम चारभाठा में देवा श्री गणेशा गणेशउत्सव समिति द्वारा आयोजित जस झांकी सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

ग्राम चाराचार में उन्होंने कहा कबड्डी जैसे खेल न केवल युवाओं के शारीरिक फिटनेस को मजबूत बनाते हैं, बल्कि उनमें अनुशासन, टीम भावना और एकता का विकास भी करते हैं। ग्रामीण स्तर पर ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर मिलता है। खेल के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और प्रगति की भावना का संचार होता है। उन्होंने आयोजन समिति न्यू बाल गणेशउत्सव एवं युवा संगठन को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रोत्साहित किया। ततपश्चात ग्राम चारभाठा के जस झांकी कार्यक्रम में शिरकत करते हुए उन्होंने कहा कि आयोजन समिति का प्रयास सकारात्मक रहा है जिसके माध्यम से जस झांकी व जस गायन जो देखने व सुनने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि जस झांकी के प्रदर्शन में अच्छाई का जो पात्र है उसे सीखना चाहिए। उन्होंने इसके लिए दाई के दुलरवा नवरत्न जस झांकी परिवार पटपर डोंगरगढ़ के कलाकारों का भी उत्साहवर्धन किया। इस दौरान चाराचार के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तेजराम साहू, आशीष साहू, पुष्पेंद्र साहू, दूजराम साहू, भोलाराम पटेल, घनश्याम टंडन, नारायण रजक तथा चारभाठा के कार्यक्रम में जनपद सदस्य वंदना हिरवानी, सरपंच संघ अध्यक्ष लेखराम साहू, सरपंच चारभाठा रोहित कुमार केकती, यादराम ठाकुर, नीता गंगबेर, संजय चंद्राकर, अनुसूईया साहू सहित गणमान्य लोग व बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### जनप्रतिनिधियो ने सुनी मोदी की मन की बात

**अंडा।** मां की बात कार्यक्रम का 125 वां एपिसोड दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के चंदखुरी शक्ति केंद्र पर बस स्टैंड चौक के सुजाता होटल व रेस्टोरेंट पर बैठकर मन की बात कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। जिसमें प्रमुख रूप से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के मन की बात कार्यक्रम के प्रभारी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश बेलचंदन और प्रभारी राजू चंद्राकर बूथ अध्यक्ष नरसिंह यादव, पोषण देवांगन, संजय बघेल,सुशील देवांगन,भूपेंद्र साहू, दुष्यंत चंद्राकर, जग्गू निषाद, प्रताप देशमुख, सुजाता,ऊषा देशमुख और ग्रामीण जैन उपस्थित रहे।

### शदाणी कॉलेज में पीजीडीसीए के लिए प्रवेश 5 सितम्बर तक

**डौंडीलोहारा।** स्थानीय संत राजाराम शदाणी नागरिक महाविद्यालय में इस वर्ष पीजीडीसीए कोर्स के लिए 01सितंबर से आगामी 05 सितंबर तक ऑन लाइन प्रवेश लिया जा सकता है। महाविद्यालय प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाविद्यालय में पीजीडीसीए विषय में प्रवेश लेने वाले इच्छुक छात्र-छात्राएं आगामी 05 सितंबर तक ऑन लाइन आवेदन कर इस वर्ष पीजीडीसीए कोर्स में विषय में प्रवेश ले सकते हैं। इस वर्ष पीजीडीसीए कोर्स में सीमित सीटें है इसलिए पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर प्रवेश सम्पन्न होगा। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से संबद्धता होने से पीजीडीसीए के छात्र-छात्राओं को शासन द्वारा छात्रवृत्ति भी प्रदान किया जाता है।

### 5 को पेंशनर बैठक में किया जाएगा शिक्षकों का सम्मान

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा डौंडीलोहारा की आगामी बैठक 05 सितम्बर दिन शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से नये पेंशनर भवन, डौंडीलोहारा में आयोजित होगी। बैठक में गत माह का आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा तथा बालोद जिला की सदस्यता और डौंडीलोहारा तहसील की वार्षिक सदस्यता शुल्क की जानकारी दी जाएगी। इसी के साथ इस माह में जन्मदिन वाले पेंशनरों का जन्मदिन मनाया जाएगा। बैठक में शिक्षक दिवस के अवसर पर वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा और नए पेंशनर सदस्यों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा इस माह आने वाले पर्वों पर भी प्रकाश डाला जाएगा। यदि किसी पेंशनर की व्यक्तिगत समस्या हो, तो वे आवेदन पत्र के साथ उपस्थित होकर निराकरण हेतु प्रस्तुत कर सकते हैं। पेंशनर समाज डौंडीलोहारा के अध्यक्ष श्री सियाराम शार्वा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सभी पेंशनरों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

### धारदार चाकू से धमकाने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** धारदार चाकू लेकर युवकों को धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नेवई दशहरा मैदान के पास एक युवक धारदार हथियार लेकर उसे लहराते हुए लोगों को डरा धमका रहा था।

## डौंडीलोहारा में गणेशोत्सव की धूम



जय नंदीश्वर गणेश उत्सव समीति रेंगाडबरी।



आल्हा उदल गणेश उत्सव समिति सेम्हरडीह



स्वास्तिक गणेश उत्सव समिति अस्पताल वार्ड डौंडीलोहारा



बाल गणेश उत्सव समिति टिकरापारा डौंडीलोहारा



बाल गणेश उत्सव समिति पांडे पारा रेंगाडबरी

मांग : परिवहन संघ का आक्रोश, बीएसपी प्रबंधन का पुतला दहन किया

# बीएसपी अधिकारियों व परिवहन संघ की बैठक रहा बेनतीजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा से भिलाई तक लोह अयस्क एवं नव निर्मित पैलेट प्लांट से तैयार पैलेट के आंशिक परिवहन कार्य की मांग को लेकर राजहरा परिवहन संघ का अनिश्चितकालीन आंदोलन पांचवे दिन और उग्र हो गया।

रविवार को माइंस ऑफिस के मुख्य द्वार पर संघ के सैकड़ों सदस्यों ने जमकर नारेबाजी करते हुए बीएसपी प्रबंधन का पुतला दहन किया। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंडी के निर्देश पर 1 सितंबर को नगर पालिका सभागार में बीएसपी अधिकारियों और परिवहन संघ के प्रतिनिधियों के बीच बैठक हुई, लेकिन कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका। बैठक में संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि बीएसपी अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। संघ ने याद दिलाया कि 28 जुलाई 2019 की बैठक में 15 प्रतिशत लोह अयस्क परिवहन सड़क मार्ग से करने की सहमति दी गई थी, जिसे एमओई के पास अनुमोदन हेतु भेजा गया था, लेकिन 6 साल गुजर जाने के बाद भी यह प्रस्ताव अंतिम रूप नहीं ले पाया है। जब बीएसपी अधिकारियों ने यह कहकर पल्ला झाड़ा कि यह उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर है, तो





नाराज संघ नेताओं ने कहा – अगर हमारी मांग आपके अधिकार क्षेत्र में नहीं है तो बैठक में आए क्यों? अब हम सड़क की लड़ाई लड़ेंगे और चर्चा भी सड़क पर ही होगी।" इसके बाद सभी सदस्य नारेबाजी करते हुए सभागार से बाहर निकल गए।

राजहरा परिवहन संघ ने घोषणा की कि 2 सितंबर से बीएसपी के लोह अयस्क परिवहन करने वाले वाहनों एवं भिलाई इस्पात संयंत्र तक अन्य मालवाहक कार्यों को बाधित किया जाएगा। इसके संबंध में संघ ने कलेक्टर बालोद और संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंप दिया है। धरना एवं पुतला दहन में नरेंद्र सिंह तुली, अतिंदर सिंह संधू, मनोज दुबे, अमित कुकरेजा, रवि जायसवाल, संतोष देवांगन, अनिल सुथार, जगजीत सिंह मारवाहा, अशोक लोहिया, संदीप शाह, सरजीत सिंह सहित परविंदर सिंह बिट्टू रंधावा, बलविंदर सिंह, विकास जैन, अजय सिंह, चरणजीत सिंह, संदीप, राजू संधू, देवीचंद बाफना, राजू कुकरेजा, टीटू ब्रोका, सुखवीर ब्रोका, संतोष साहू, बलराम, कोपेंद्र, महेंद्र कुमार, दिलीप सिन्हा, शमीम खान, कुलदीप सिंह, सुनील जायसवाल, प्रदीप बरमोटे, विवेक, रंजीत सिंह, मनीष जेठवानी समेत सैकड़ों सदस्य शामिल हुए।

## डायरिया पीड़ितों का हाल-चाल जानने अस्पताल पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष टेकाम



**डौंडीलोहारा।** नगर के वार्ड 2, 3 और 4 में डायरिया का प्रकोप देखने को मिल रहा है। अब तक करीब 15 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं, जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थिति की जानकारी मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष निवेंद्र सिंह टेकाम अस्पताल पहुंचे और मरीजों का हालचाल जाना। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द मरीजों को स्वस्थ करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। साथ ही वार्डों में पानी की जांच, डायरिया फैलने के कारणों की पड़ताल और दवा वितरण की व्यवस्था करने की बात भी कही। नगर पंचायत अध्यक्ष ने लोगों को पानी की शुद्धता और सावधानी बरतने की अपील की। इस दौरान उनके साथ पार्षद ममता शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

### ग्राम पंचायत जंजगिरी में 71 पौधें रोपे गए



**अंडा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती के उपलक्ष में ग्राम पंचायत जंजगिरी में एक पेड़ मां के नाम के तहत आज ग्राम पंचायत जंजगिरी, भवतरणी मानस मंडली एवं शांतिवन वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में कुल 71 पौधे नीम, बादाम, गुलमोहर, डेल्टा फॉर्म सुरक्षा घेरा के साथ लगायें गये। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनपद सदस्य एवं सभापति लोमश चंद्राकर, सरपंच ग्राम पंचायत जंजगिरी गीताबाई ठाकुर, उप सरपंच गौकरण साहू सचिव नेवेन्द्र कुमार पंच कमलेश ठाकुर, नरेंद्र देशमुख, प्रदीप देशमुख, किशोर देशमुख भवतरणी मानस परिवार के सभी सदस्य, वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष प्रेमलाल देशमुख, ग्रामीण सूरज साहू, शैलेंद्र साहू, गुणवंत साहू, चंद्रिका देवदास गोकरण अजय गगन, सागर, समस्त मितानिन उपस्थित थे। सभी ने एक-एक पौधा लगाया एवं सुरक्षित रखने का शपथ लिया। सरपंच ने कहा पौधारोपन कार्यक्रम आगे भी चलता रहेगा।

### व्यवसायी ने यूथ स्पोर्ट्स क्लब को भेंट की खेल सामग्री



**डौंडीलोहारा।** नगर के व्यवसायी विकास लोढ़ा ने अपनी पुत्री निविशा लोढ़ा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में यूथ स्पोर्ट्स क्लब डौंडीलोहारा को खेल सामग्री भेंट की। उनका यह योगदान खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी साबित होगा। खेल सामग्री प्राप्त करते हुए क्लब के कोच लुकेन्द्र ठाकुर एवं पूनम पटेल ने लोढ़ा और बिटिया निविशा के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में खिलाड़ियों की खेल गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर विशेष मार्गदर्शक सौरभ शर्मा एवं मुख्य कोच लुकेन्द्र ठाकुर ने घोषणा की कि क्लब ने निर्णय लिया है कि नगर एवं आसपास के क्षेत्रों की बेटियों को निःशुल्क खेल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में विशेष मार्गदर्शक सौरभ शर्मा, खिलेश्वर रावटे, हेमन्त साहू, गुलशन ठाकुर, शुभम उईके, श्री मिश्रा, उमाकांत सहित प्रशिक्षित खिलाड़ी उपस्थित रहा।

## महाविद्यालय बेलोदी के प्राचार्य ठाकुर को दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज. बालोद/सिकोसा

- संयुक्त कलेक्टर लता उर्वशा सहित अनेक गणमान्य अतिथि हुए शामिल

शासकीय महाविद्यालय, बेलोदी के प्राचार्य सीएल ठाकुर के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राजनांदगाव के संयुक्त कलेक्टर लता उर्वशा, अध्यक्ष हल्वा समाज महिला प्रभाग भिलाई चंद्रिका रावटे, शासकीय महाविद्यालय बासीन के प्राचार्य डॉ. राठौर, शासकीय महाविद्यालय अरमरी के प्राचार्य डॉ. पाल, शासकीय महाविद्यालय माहुद बी के समस्त स्टाफ पूर्व विधायक गुण्डरदेही विधानसभा बीरेंद्र साहू, जनभागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राहुल साहू, प्रबंधन समिति के सादस्य गण तथा आस पास गाँव के नागरिक उपस्थित हुए। इस



अवसर पर सभी अतिथियों ने सेवानिवृत प्राचार्य के सबंध में भावपूर्ण अपना मंतव्य रखा। कार्यक्रम में प्राचार्य सीएल. ठाकुर को शाल, श्रीफल एवं स्मृति एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को ठाकुर के द्वारा भी भेंट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ठाकुर ने महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. दीनदयाल दिल्लीवार को महाविद्यालय के प्राचार्य का प्रभार भी सौंपा। प्राचार्य के द्वारा महाविद्यालय को मां सरस्वती की कांस्य प्रतिमा भी भेंट की गई। कार्यक्रम के अंत में रावटे द्वारा महाविद्यालय कैम्पस में पौंधारोपण भी किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ के साथ ही साथ बड़ी संख्या में विद्याथएँ भी सम्मिलित हुए। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक राहुल उपाध्याय के सुन्दर संचालन से कार्यक्रम में समा बांध दिया। आभार प्रदर्शन डॉ. बिसनाथ साहू द्वारा किया गया।

## वार्षिक परीक्षा में सफलता के लिए व्याख्याता ने साझा किया अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी एलके ठाकुर के निर्देशन में विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष पहल की गई।

स्कूल के मेंटर व्याख्याता भूपेंद्र कुमार पटेल ने पालक संपर्क अभियान के तहत मेधावी एवं अन्य विद्यार्थियों के घर जाकर विषय अध्ययन से संबंधित जानकारी ली। साथ ही पालकों को सुझाव दिया कि वे समय-समय पर शाला आकर अपने बच्चों की पढ़ाई की जानकारी लें और घर पर गृहकार्य की निगरानी करें। व्याख्याता राकेश कुमार कोठारी, तेजेश्वरी साहू एवं हेमपुष्पा नाइक ने विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहकर अध्ययन करने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्हें सलाह दी कि विषय से संबंधित कठिनाइयों के लिए विषय शिक्षक से संपर्क करें एवं व्हाट्सऐप ग्रुप से जुड़े रहें, जिससे समस्याओं का समाधान सरलता से मिल सके।

संस्था के व्याख्याता अविनाश कुमार साहू ने विद्यार्थियों को घर में अध्ययन हेतु विशेष स्टडी कॉर्नर तैयार करने की सलाह दी, ताकि पढ़ाई में व्यवधान न हो। पालक संपर्क कार्यक्रम के दौरान बच्चों को प्रेरित करते हुए कॉपी और पेन भी वितरित किए गए।



### शिविर में 50 युवाओं ने किया रक्तदान

**डौंडीलोहारा।** गणराज युवा शक्ति लोहारा और हेल्प एंड सर्व फाउंडेशन ने नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 50 से अधिक संख्या में रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। बैहाकुंआ निवासी पवन खोब्रागढ़े ने अपने जन्मदिन पर जरूरतमंदों तक रक्त पहुंचाने के उद्देश्य से रक्तदान कर युवा पीढ़ी को एक संदेश दिया कि रक्तदान करने से न केवल दूसरों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। इस आयोजन को सफल बनाने में शयल जैन, अक्षत जैन, हर्षवीर कसार, संयम जैन, जयकरण लोढ़ा, अंश ठाकुर, अरिहंत भंसाली, नमन लोढ़ा, ऋषि जैन, दीपक गुप्ता और यश तांडेकर सहित युवाओं का सहयोग रहा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, झैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

तीज मिलन समारोह में शामिल हुए पूर्व गृहमंत्री साहू

# त्योहार, सौहार्द्र व भाईचारे का प्रतीक है : ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

सर्किल कोड़िया कोसरिया यादव समाज के तत्वाधान में रविवार को तीज मिलन समारोह बजरंग चौक डुमरडीह में रखा गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृह मंत्री, छ.ग. शासन ताम्रध्वज साहू ,अध्यक्षता ओम बाई यादव अध्यक्ष महिला कोसरिया यादव समाज कोड़िया सर्किल विशिष्ट अतिथि राकेश हिरवानी उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत दुर्ग झमित गायकवाड़ सदस्य,बरातू राम यादव, जनपद पंचायत दुर्ग,धर्मेन्द्र बंजारे सरपंच ग्राम पंचायत डुमरडीह,श्रद्धा पुरेन्द्र साहू जी सदस्य, जिला पंचायत दुर्ग, बोधन राम यादव अध्यक्ष जिला यादव महासभा दुर्ग,रामचंद यादव



उपाध्यक्ष जिला यादव महासभा दुर्ग, शंकर लाल यादव सचिव जिला यादव महासभा दुर्ग, प्रीतम यादव अध्यक्ष जिला युवा प्रकोष्ट दुर्ग अर्चना यादव अध्यक्ष जिला महिला प्रकोष्ट दुर्ग उपस्थित थे। खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जैसे कबड्डी, सुरीली कुर्सी घड़ा दौड़,सुबा गीत,फुग्गा फोड़, तीज क्वीन राऊत नृत्य,आलू दौड़ का आयोजन हुआ। जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि ताम्रध्वज साहू ने आप सभी को तीज पर्व की बधाई देते हुये कहा कि हर त्योहार अच्छाई, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक होता है और ऐसे आयोजनों से समाज को सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को कहा कि वे इस अवसर को आत्मिक बल और सामाजिक सद्भावना को बढ़ाने के संकल्प के रूप में लें और भविष्य में इस आयोजन को और अधिक भव्यता के साथ मनाएं।

